कार्यालयः जिला कार्यक्रम अधिकारी पीलीभीत।

पत्र संख्या/ वि 1593 /बा0वि0परि0 / जि0का0अधि0 / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक 13 मार्च,2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या – 19 / 2023 / 3975 / 58–1–2022–2 / 1(22)10टी0सी0 दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद पीलीभीत के शहरी / ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट **http://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का वार्डवार / परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–

क्र0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण / शहरी	रिक्त पदों का विवरण
			आंगनबाड़ी कार्यकत्री
1	अमरिया	ग्रामीण	16
2	बरखेड़ा	ग्रामीण	04
3	बिलसण्डा	ग्रामीण	41
4	बीसलपुर	ग्रामीण	33
5	शहर	शहरी	07
6	ललौरीखेड़ा	ग्रामीण	11
7	मरौरी	ग्रामीण	42
8	पूरनपुर	ग्रामीण	36
		कुल योग	**190**

नोट–: उपरोक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदों की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट बढ़ सकती है।

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा / वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. रिक्त पदो (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगीं।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होनें की स्थिति में संबधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारत कट ऑफ तिथि (01.01.2024) को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेवसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नही किये जायेगें।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 02.04.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेवसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु संबंधित विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय कमरा नं0 37 से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(युगल किशोर सांगुड़ी)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
पीलीभीत।

Scanned with OKEN Scanner